शिव शंकर भोले हमारे

शिव शंकर भोले हमारे,
मेरा जीवन है तेरे हवाले.....

तुम कैलाश पर्वत पर रहते और धरती पर गंगा बहाते...-2
जो पापों को हमारे उतारे,
मेरा जीवन है तेरे हवाले.....

तेरे माथे पे चंदन निराला और गले में सर्पों की माला....-2
तेरे हाथ में डमरू बाजै,
मेरा जीवन है तेरे हवाले.....

बाघंबर चोला है तेरा और भूतों का रखते हो डेरा....-2
इस रुप में लगते हो प्यारे,
मेरा जीवन है तेरे हवाले.....

नंदी की तुम करते सवारी, भांग तुम्हे लगती है प्यारी....-2
अंग भभूत हुए हो रमाए,
मेरा जीवन है तेरे हवाले.....

तेरे संग में गोरा विराजै और गोद में गणपति साजै...-2
इस परिवार के सद के जाए,
मेरा जीवन है तेरे हवाले.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23187/title/Shiv-shankar-bhole-humare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |